8/1

उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

# कार्य अध्ययन रिपोर्ट

# झांसी वर्कशॉप के मुख्य कारखाना प्रबंधक झांसी के अधीनस्थ कार्यरत टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग के कार्य की समीक्षा

कार्य अध्ययन सं.– म.प्र. / उ.म.रे. / का.अ. / 06-II / 20–21

<u>मार्गदर्शन एवं निर्देशन</u>

श्री नवीन कुमार सिन्हा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री मन्नू प्रकाश दूबे
उप महाप्रबंधक / सामान्य

एवं

<u>सहयोग</u>

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

<u>सम्पादित</u>

मनदीप कुमार
वरिष्ठ कार्य अध्ययन निरीक्षक

8/2

## अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | अध्याय– प्रथम<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | अध्याय– द्वितीय<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | अध्याय–तृतीय<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6–7 |

# अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | झांसी वर्कशॉप के मुख्य कारखाना प्रबंधक झांसी के अधीनस्थ कार्यरत टेक्नीशियन(व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप "सी" तथा "डी" (टेक्नीशियन(व्हीकल ड्राइवर)) |
| 3. | विभाग का नाम | यांत्रिक विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2020–21 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 09.11.2020 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 14.12.2020 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 41 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 33 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 03 |
| 10. | वित्तीय बचत | **Rs. 12,07,440/-**<br>(बारह लाख सात हजार चार सौ चालीस मात्र) |

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री एस०पी०तिवारी, मुख्य कारखाना प्रबंधक/झांसी, एवं श्री गौरव यादव, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर /आर/झांसी वर्कशॉप का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्ग दर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल श्री प्रेम चंद सोनकर, एस.एस.ई./आरएफ–पी/ वर्कशॉप झांसी एवं श्री जी.एस.शर्मा, एस.एस.ई./मीलराईट/वर्कशॉप झांसी का विशेष आभारी है। जिन्होने इस कार्य अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि झांसी वर्कशॉप में टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग में वर्तमान में कुल 41 पद स्वीकृत है जिसमे 33 कर्मचारी कार्यरत है और 8 पद रिक्त चल रहे हैं। अतः कार्य अध्ययन दल झांसी वर्कशॉप में, स्वीकृत 41 टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग मे से कुल 03 टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है। इससे कुल वार्षिक बचत रु0 Rs. **12,07,440/-** (बारह लाख सात हजार चार सौ चालीस मात्र) होगी।

## अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैन पावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में कुछ कार्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आवश्यक नहीं रह गये है एवं उस कार्य को करने वाले कर्मचारी दूसरे कार्य में प्रयोग किये जा रहे है। इस विषय में झांसी वर्कशॉप में टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग के कार्यो का अध्ययन करने पर संज्ञान में आया कि झांसी वर्कशॉप में कुल मिलाकर वर्तमान में 41 टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) के स्वीकृत पदो में 33 व्हीकल ड्राइवर आनरोल है एवं बाकी 08 पद रिक्त चल रहे है तथा 03 स्टाफ कार आउटसोर्सिंग के माध्यम से चलाए जा रहे हैं । इस प्रकार कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा झांसी वर्कशॉप में मुख्य कारखाना प्रबंधक, झांसी के अधीनस्थ कार्यरत टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) कैटेगरी के कार्य की समीक्षा विषय को कार्य अध्ययन हेतु चुना गया। यह कार्य अध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित कार्य अध्ययन सूची से उद्वृत है।

वर्णित कार्य अध्ययन मुख्य कारखाना प्रबंधक, झांसी के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2. कर्मचारी संख्याः– मुख्य कारखाना प्रबंधक, झांसी के अधीनस्थ कार्यरत टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) कैटेगरी के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है।

**झांसी वर्कशॉप (मोटर शॉप/एम डब्लू)**

| क. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Motor driver (MCM) | 9300-34800 GP-4200 (Level-6) | 11 | 11 | 0 |
| 2. | Motor driver (tech I) | 5200-20200 GP-2800 (Level-5) | 21 | 16 | 05 |
| 3. | Motor driver (tech II) | 5200-20200 GP-2400 (Level-4) | 03 | 01 | 02 |
| 4. | Motor driver (tech III) | 5200-20200 GP-1900 (Level-2 ) | 06 | 05 | 01 |
| | **कुल** | | **41** | **33** | **08** |

**कार्य का विवरणः–** कार्य अध्ययन में पाया गया कि झांसी वर्कशॉप में टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग के लिये 41 पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान में ऑन रोल कर्मचारी जैसे की (प्रोग्रेस वर्कशॉप में 13, यार्ड में 05, वेल्डिंग वर्कशॉप में 02, पैनल प्लेट में 02, पेंटिंग वर्कशॉप में 01,ट्राली में 02, विविध में 04, सीटीआरबी/डब्लूएस में 01 एवं स्टाफ कार में 03) को मिलाकर कुल 33 कर्मचारी ही कार्यरत है, बाकी 08 पद रिक्त चल रहे है। इसके अतिरिक्त 03 स्टाफ कार आउटसोर्सिंग के माध्ययम से झांसी वर्कशॉप के कार्यरत अधिकारियो के बाबत चलाया जा रहा है जिसका विवरण इस प्रकार है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | फर्म का नाम व पता | वाहनों कि संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | JHSW-MNP-19-14 | M/s AARADHAYA ENTERPRICE-JHANSI WARD NO.26, KONCHABHAWAR, JHANSI | 02 |
| 2. | JHSW-MNP-20-03 | M/s BARONIA ENTERPRICE-JHANSI WARD 354 HEERAPURA NAGAR, JHANSI | 01 |

इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 03 टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) के पदों को अभ्यर्पित किया जा सकता है।

## अध्याय–तृतीय

**3.** इस कार्य अध्ययन में दी गयी अभ्यर्पित पदो की संस्तुतियों के कियान्वयन के फलस्वरुप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रति पद का आकलन निम्नवत किया गया :–

| क्र० सं० | पदनाम | वेतनमान | पद सं० | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु० में) | कुल मासिक मूल्य (रु० में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Motor driver (tech I) | VI-CPC 5200-20200 GP-2800 (Level-5) VII-CPC | 01 | 39370.5/- | 39370.5/- | 4,72,446/- |
| 2. | Motor driver (tech II) | VI-CPC 5200-20200 GP-2400 (Level-4) VII-CPC | 01 | 34398/- | 34398/- | 4,12,776/- |
| 3. | Motor driver (tech III) | VI-CPC 5200-20200 GP-1900 (Level-2) VII-CPC | 01 | 26851.5/- | 26851.5/- | 3,22,218/- |
| | | | | | कुल | **Rs. 12,07,440/-** |
| | | | | | | |
| **(बारह लाख सात हजार चार सौ चालीस मात्र )** | | | | | | |

## 3.1 सस्तुति :–

कार्य अध्ययन में पाया गया कि झांसी वर्कशॉप में टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग के कुल 41 पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान में 33 कर्मचारी कार्यरत जिनके द्वारा विभिन्न प्रकार के वाहनों (जैसे की ट्रॉली, ट्रैक्टर, डम्पर, ट्रक, फोर्कलिफ्ट आदि) के ड्राइविंग का कार्य किया जा रहा है एवं उनके बाकी 08 पद रिक्त चल रहे है। तथा 03 स्टाफ कार आउटसोर्सिंग के माध्यम से झांसी वर्कशॉप के कार्यरत अधिकारियो के बाबत चलाया जा रहा है। अतः ऐसी स्थिति में 03 स्टॉफ कार हायर के कारण कुल स्वीकृत 41 टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग के पदो में से व्हीकल ड्राइवर के 03 पदों को अभ्यर्पित किया जा सकता है। टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग मुख्य कारखाना प्रबंधक, झांसी के नियंत्रण में है।

अतः कार्य अध्ययन दल, झांसी वर्कशॉप में टेक्नीशियन (व्हीकल ड्राइवर) संवर्ग के 03 पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।